भारत सरकार

रेल मंत्रालय

रेलवे भर्त्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सूचना

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी-01/2019 (लेवल-1 पद) के अभ्यर्थियों के ध्यानाकर्षण हेतु

परीक्षा शुल्क की वापसी - बैंक खाता विवरण अपडेट करना

1. केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी-01/2019 के तहत लेवल-1 पदों के लिए दिनांक 17.08.2022 से 11.10.2022 तक आयोजित सीबीटी में शामिल सभी अभ्यर्थियों को रेलवे भर्त्ती बोर्ड परीक्षा शुल्क वापस करना शुरू कर दिया है।

2. ऑनलाइन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों से नियमानुसार परीक्षा शुल्क वापस करने हेतु बैंक अकाउंट डिटेल एवं IFSC कोड सबमिट करायी गई थी। विदित हो कि आवेदन 04 साल पहले प्राप्त हुए थे तथा इस बीच उम्मीदवारों के खाते के विवरण में कई बदलाव हो सकते हैं। साथ ही, बैंक द्वारा खाता विवरण की जांच करते समय यह पाया गया कि एक ही खाता संख्या से बड़ी संख्या में भुगतान किए गए थे। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों के विलय के कारण उनके IFSC कोड बदल दिए गए हैं इसलिए बैंक खाते की पुनः पुष्टि और नए विवरण लेना आवश्यक है ताकि उम्मीदवार के सही बैंक खाते में धन वापसी की जा सके।

3. सीबीटी में शामिल सभी उम्मीदवारों को अपने बैंक खाता विवरण प्रदान करने की सुविधा के लिए, रेलवे भर्त्ती बोर्ड ने बैंक खाता विवरण अपडेट करने के लिए एक अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, रेलवे भर्त्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर एक **अपडेट बैंक खाता लिंक** प्रदान किया जाएगा, जो **दिनांक 14/04/2023, सुबह 10.00 बजे से 30/04/2023, शाम 05.00 बजे तक लाइव रहेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि (यदि कोई परिवर्तन हो तो) वे अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट करने के लिए इस अवसर का उपयोग करें।**

4. **उम्मीदवारों से यह सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध किया जाता है कि सबमिट किया गया बैंक खाता सं. और IFSC कोड सही है तथा उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसे सबमिट करने से पहले सावधानीपूर्वक जांच लें और बैंक खाता विवरण एवं IFSC कोड देख लें। यह ध्यान दिया जाए कि सबमिट करने के बाद अपडेट किये गए बैंक विवरण में संशोधन संभव नहीं होगा। उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत गलत विवरण के कारण धन वापसी में विफलता के लिए रेल भर्त्ती बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा तथा इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।**

5. रेलवे भर्त्ती बोर्ड की सूचना दिनांक 13.10.2022 के संदर्भ में, प्रश्नों/उत्तरों/विकल्पों इत्यादि से सम्बंधित आपत्तियों की समीक्षा के बाद वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा उठाई गई आपत्ति सही पाई गई थी, उनके द्वारा भुगतान की गई निर्धारित फीस वापस करने के लिए भी इसी अद्यतन बैंक विवरण का उपयोग किया जाएगा।

टिप्पणी (NOTE) :

i. बैंक विवरण सबमिट करने की अंतिम तिथि 30.04.2023 (17.00 बजे) है।

ii. रेलवे भर्त्ती बोर्ड के रिकॉर्ड से अभ्यर्थियों के विवरण के सत्यापन के बाद ही धन वापसी (बैंक शुल्कों की कटौती के बाद) स्वीकार्य होगा।

iii. गलत, अपूर्ण और/या देर से किए गए दावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

iv. **एक बैंक खाते में केवल एक रिफंड की ही अनुमति होगी।**

v. बैंक विवरण सबमिट करते समय किसी तरह की कठिनाई के निवारण हेतु एक **हेल्प डेस्क मेनू तथा गुम रजिस्ट्रशन नंबर प्राप्त करने के लिए फॉरगेट रजिस्ट्रेशन नंबर मेनू** भी उपलब्ध होंगे।

सभी अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि अपडेट/**सूचनाओं** के लिए **रेलवे भर्त्ती** बोर्डों के आधिकारिक वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

दिनांक : 13.04.2023

अध्यक्ष

रेलवे भर्त्ती बोर्ड